**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि** 24 **जून** 2026 **समय** 18:10

**मुख्य समाचार**

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - पंजाब के मुख्यमंत्री से जुड़े कथित वायरल वीडियो प्रकरण फर्जी रिपोर्ट मामले में कार्रवाई होगी।
- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने फर्जी रिपोर्ट से संबंधित पूरे मामले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की ।
- हरियाणा सरकार ने कहा - क्लर्क के पद पर सभी नियमित नियुक्तियां मानव संसाधन विभाग द्वारा की जाएंगी।
- हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में **एन जनरेशन थीम** पर आधारित आधुनिक डाकघर का उद्घाटन किया गया।
- अंबाला दूरसंचार सर्कल के प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण बिहारी मीणा ने ग्रामीण युवाओं से भारत नेट उद्यमी योजना से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

*************************************************************

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री से जुड़े कथित विडिओ प्रकरण से संबंधित फर्जी रिपोर्ट मामले में कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज पटियाला के रोड़ेवाल स्थित गुरुद्वारा साहिब में संत बलवंत सिंह जी की बरसी पर आयोजित समागम को संबोधित कर रहे थे। गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होने के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।

उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और पूरे प्रकरण की गहन जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में हरियाणा की एक प्रयोगशाला का नाम सामने आया है, जिसके आधार पर कथित रिपोर्ट तैयार होने की बात कही जा रही है।

जांच के माध्यम से यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पीछे कौन लोग हैं और इसका उद्देश्य क्या था। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी इतनी निम्न स्तर की राजनीति नहीं करती कि गुरुओं के नाम पर लोगों की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा गुरु परंपरा का सम्मान करने वाली पार्टी है।

**************************************************************

**********

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े कथित वायरल वीडियो प्रकरण तथा उससे संबंधित सामने आए गंभीर आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

चंडीगढ़ स्थित विधायक दल कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुश्री रेखा शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ओर पंजाब का युवा चिट्टे और अन्य नशों की भयावह समस्या से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर राज्य की सर्वोच्च धार्मिक संस्थाओं की गरिमा को लेकर विवाद उत्पन्न किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों में सामने आए तथ्यों और शिकायतकर्ता जसप्रीत सिंह द्वारा सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर हैं।

गौरतलब है कि गत 16 जून को गुरुग्राम स्थित एक होटल में लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक जशनदीप गिल कथित रूप से शिकायतकर्ता को मिले थे।सार्वजनिक रूप से सामने आए दावों के अनुसार इस बैठक का उद्देश्य मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े विवादित वीडियो को लेकर एक अनुकूल फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करवाना था। मीडिया रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि बैठक के सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं तथा कथित

व्हाट्सएप चैट्स भी सामने आई हैं, जिनमें रिपोर्ट के विभिन्न हिस्सों में बदलाव, निष्कर्षों को संशोधित करने तथा रिपोर्ट को विशेष दिशा देने संबंधी चर्चाएं दिखाई गई हैं।

******************************************************************

हरियाणा सरकार ने स्पष्ट किया है कि हरियाणा लिपिकीय (भर्ती एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 2026 के लागू होने के बाद क्लर्क के पद पर सभी नियमित नियुक्तियां मानव संसाधन विभाग द्वारा की जाएंगी। इनमें सीधी भर्ती के माध्यम की जाने वाली नियुक्तियों के साथ-साथ अनुकंपा आधार पर की जाने वाली नियुक्तियां भी शामिल होंगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि अब अनुकंपा आधार पर नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों की जांच हरियाणा सिविल सेवा (अनुकंपा वित्तीय सहायता अथवा नियुक्ति) नियम, 2019 के अनुसार की जाएगी। संबंधित विभागाध्यक्ष की संस्तुति तथा हरियाणा अधीनस्थ लेखा सेवा कैडर के अधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरांत ऐसे मामले आगे, आवश्यक कार्रवाई के लिए मानव संसाधन विभाग को भेजे जाएंगे।

******************************************************************

हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आज 'N-Gen' थीम पर आधारित नवीनीकृत डाकघर का उद्घाटन किया गया।

मुख्य महा डाकपाल **सचिन किशोर ने** कहा कि यह डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण तथा युवा पीढ़ी को डाक विभाग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस डाकघर में बच्चों के लिए फ्री वाई-फाई की सुविधा है।स्पीड पोस्ट में उन्हें 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस पहल की शुरुआत की थी।आज यह आधुनिकीकृत डाकघर कृषि विश्वविद्यालय में जनरेशन एन को समर्पित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि समय के साथ आए बदलाव को भारतीय डाक विभाग ने भी अपनाया है।आज डाक घर द्वारा पासपोर्ट सेवा से लेकर ई-पुस्तकालय,मुफ़्त वाई-फाई व कैफ़े जैसी अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं।

*****************************************************************
**********

अंबाला दूरसंचार सर्कल के प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण बिहारी मीणा ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं से भारत नेट उद्यमी योजना से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है।

प्रधान महाप्रबंधक ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने तथा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत नेट उद्यमी योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत नेट उद्यमी ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल सेवाएं उपलब्ध कराने वाले एजेंट के तौर पर काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच मौजूद डिजिटल अंतर को कम करना है।

*****************************************************************
**********

भारत संचार निगम लिमिटेड ने ग्रामीण उपभोक्ताओं को सस्ती एवं बेहतर इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नया ब्रॉडबैंड प्लान शुरू किया है। इस योजना के तहत मात्र 259 रुपये प्रतिमाह में 25 Mbps की हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा तथा 700 जीबी डेटा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को एक OTT सेवा भी नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

यह जानकारी देते हुए अंबाला दूरसंचार सर्कल के प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण बिहारी मीणा ने कहा कि यह प्लान विशेष रूप से ऑनलाइन शिक्षा, वर्क फ्रॉम होम, डिजिटल भुगतान, वीडियो स्ट्रीमिंग तथा अन्य ऑनलाइन सेवाओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। सरकार समर्थित इस

पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर इंटरनेट सेवाएं प्राप्त होंगी।

************************************************************
**********

हॉकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक ब्रिटेन दौरे के लिए 24 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम नए कोच टिम व्हाइट के नेतृत्व में जूनियर एशिया कप सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के सिलसिले में स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में सात मैच खेलेगी। खैदेम शिलेमा चानू टीम की कमान संभालेंगी जबकि निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी। टीम में पूजा मलिक, गीता यादव सुखवीर कौर सहित कई खिलाड़ियों को जगह मिली है।

************************************************************
**********